हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 स्कूल वैन पलटी,6 बच्चे हुए घायल एसडीएम...



07 श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन विशाल...



## खबर संक्षेप

### शक्ति कुंड में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**विदिशा।** सोमवार के दोपहर 1 बजे ग्राम मुरारिया के पास शक्ति कुंड में नहाने गए रिंकू प्रजापति पिता बाबूलाल प्रजापति उम्र 19 साल निवासी जगतपुर गांव की कुंड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से रिंकू के शव को कुंड से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र लटेरी भेजा है।

### महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका




**विदिशा।** सोमवार को बीजेपी महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक डाला। भारी संख्या में महिलाएं बीजेपी कार्यालय से रैली के रूप में माधवगंज चौराहे पहुंचीं। जहां राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध जताया। भाजपा की महिला नेत्रियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के प्रति राहुल गांधी द्वारा दिए गए अपमानजनक बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# विधायक टंडन ही करा रहे नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों में अनियमित्ताओं की जांच

- विधायक मुकेश टंडन की लिखित शिकायत पर कलेक्टर ने बनाई है जांच कमेटी
- इधर विधायक के नपाध्यक्ष कार्यकाल में हुए कार्यों की जांच भी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में पहुंच गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका विदिशा में सिर्फ नपाध्यक्ष और पार्षदों के बीच ही तनातनी का मामला नहीं है। यहां तो पूरा मामला भाजपा नेताओं और नपाध्यक्ष के बीच का निकला है।

अभी तक पार्षदों को आगे करके नपाध्यक्ष को डेमेज किए जाने का ही सीन ही सामने दिखाई देता रहा है लेकिन अब साफ हो गया है कि पूरा मामला विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के बीच चल रहे शीतयुद्ध का है। विधायक मुकेश टंडन की शिकायत पर ही कलेक्टर द्वारा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के कार्यकाल में हुए कार्यों की जांच कराई जा रही है। जांच कमेटी में कौन-कौन रहेगा यह भी विधायक द्वारा किए गए शिकायत में लिखा था और विधायक की मंशा अनुसार ही जांच कमेटी का गठन हुआ है। नपा में वर्ष 2022-23 से अभी तक चुनिंदा वार्डों में हुए कार्यों की जांच के लिए एसएटीआई कॉलेज, पीडब्लूडी सहित आरईएस विभाग से जांच कराए जाने के लिए विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसी पत्र के बाद नपा के कार्यों की जांच हो रही है। जांच कमेटी में शामिल इंजीनियर अभी तक जांच होने की बात से पल्ला झाड़ते रहे हैं और कुछ ने तो जांच होने की बात से ही इंकार किया है।

दूसरी तरफ विधायक भी साफ साफ कहते रहे हैं कि उन्हे नपा के झमेले से कोई लेना देना नहीं है। हालांकी यह बात भी चर्चा में आ गई है कि जांच समिति को जांच के दौरान कुछ खास नहीं मिला है लेकिन जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। दूसरी तरफ सूर्य प्रताप सिंह सिसोदिया ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में तत्कालीन नपाध्यक्ष मुकेश टंडन और तत्कालीन सीएमओ सत्येंद्र धाकरे के कार्यकाल में हुए कार्यों में आर्थिक अनियमितता की शिकायत की है।

### नगरपालिका अध्यक्ष की सुरक्षा में शस्त्र बल तैनात

प्रशासन ने नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस जवान को तैनात किया गया है। वहीं उन्होने हथियारों से लेस चार निजी सुरक्षा गार्ड भी अपनी सुरक्षा में रख लिये हैं। जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। चारों निजी सुरक्षा गार्ड लायसेंसी बंदूकधारी हैं। क्योंकि नगरपालिका में बाहुबल का उपयोग भी हो सकता है ऐसी शंका बनी हुई है और इसी तरह का वातावरण भी बन चुका है। पहले भी नपा में सीएमओ



रह चुके धीरज शर्मा को एक थप्पड़ मारकर अपमानित किया जा चुका है। इस अपराध का प्रकरण भी दर्ज है और इसके पहले भी नपाध्यक्ष के पति से भी अभद्रता का मामला सामने आ चुका है।

### विधायक ने सिर्फ 23 वार्डों में हुए कार्यों की जांच की मांग



विधायक मुकेश टंडन द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत में नगरपालिका के 39 में से 23 वार्डों में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच करने के लिए कहा है। पत्र में कहा गया है कि जनता द्वारा अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इसलिए इन वार्डों में हुए निर्माण कार्यों की अनुभवि तकनीकि अधिकारियों की टीम बनाकर कराई जाए। जिन वार्डों कि जांच की मांग की गई है उनमें वार्ड नंबर 1 लेकर 8 तक के सभी वार्ड शामिल हैं। वार्ड नंबर 9 को छोड़ दिया गया है। इसके अलावा वार्ड नंबर 10, 19, 21, 22, 23, 26, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 37, 38 और वार्ड नंबर 39 में हुए निर्माण कार्यों कि जांच की मांग की गई है।

### 19 अगस्त से खुल्लमखुल्ला

19 अगस्त को विधायक मुकेश टंडन और एसडीएम ने नपा पहुंचकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कुछ फाइलों के साथशाखा प्रभारियों के मोबाइल छीनकर उनका डाटा कॉपी किये जाने का घटनाक्रम हुआ था। मोबाइल छीनने से विधायक और एसडीएम ने साफ इंकार किया है। यह घटनाक्रम होते ही नपाध्यक्ष ने पीआईसी की बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले पार्षदों को हटाकर नये सदस्य बना दिये थे। इसके बाद यह पूरा मामला उजागर हुआ।

### हटाने लगातार रचे षड्यंत्र

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाने सबसे पहले अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना बनी लेकिन सरकार ने नियम बदला तो विरोधी ढेर हो गए। इसके बाद इस्तीफा देने का अंदरूनी दबाव बनाया तो नपाध्यक्ष डटी रहीं। जैसे ही 3 साल पूरे हुए तो फिर से अविश्वास का षड्यंत्र रचा, लेकिन सफल नहीं हुआ। फिर जांच कमेटी बनाकर भ्रष्टाचार के आरोप में हटाने का षड्यंत्र खेला गया लेकिन यह भी फुस्स साबित नजर आ रहा है। अब फिर भाजपा संगठन का मामला बनाकर इस्तीफे का षड्यंत्र रचा जा रहा है। बीच में गुमनाम पत्र लिखकर भी नपा को बदनाम करने का असफल प्रयास हो चुका है।

### मेडिकल कॉलेज में मौत के बाद जमकर हंगामा

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में सोमवार एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक के रिश्तेदारों का कहना है कि जब उन्होंने मौत का कारण पूछा तो डॉक्टरों ने उन्हे पीटा। कपड़े तक फट गए। हिनोतिया गांव के 45 वर्षीय बृजेंद्र लोधी को शनिवार रात पेट दर्द की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद तत्काल सर्जरी की सलाह दी। परिजन रात में ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं थे और उन्होंने सुबह सहमति दी। जब बृजेंद्र को ऑपरेशन थिएटर ले जाया जा रहा था तभी उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो गए। मृतक के रिश्तेदार गौरव लोधी ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने सवाल किए तो डॉक्टर, स्टाफ और गाड्‌र्स ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। मेडिकल कॉलेज के डीन, डॉ. मनीष निगम का कहना है कि मरीज की हालत बेहद गंभीर थी और उन्हें तुरंत ऑपरेशन की जरूरत थी। परिजनों ने सर्जरी की सहमति देने में देर कर दी, जिसके कारण मरीज की स्थिति बिगड़ गई और उनकी जान चली गई।

## 16 बच्चों से भरी स्कूल वेन पलटी, 6 बच्चे घायल

**कस्वा बागरोद।** सुप्रीम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों से भरी मैजिक वेन सोमवार दोपहर 3:30 बजे दैयरपुर रोड पर एक खेत में पलट गई। वेन में 16 बच्चे बैठाए गए थे। जिनमें से 6 बच्चे घायल हुए हैं। सभी घायल छात्रों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा में इलाज कराया गया। मौके पर हैदरगढ़ पुलिस एवं त्योंदा पुलिस ने पहुंचकर जांच की। एसडीओपी गंजबसोदा भी त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। बच्चों एवं पालकों के बयान दर्ज किए। घटना में घायल छात्र अरहान खां पुत्र राव्या खां उम्र 6 वर्ष



ग्राम बसादेही, गुंजन पुत्री भागीरथ लोधी 8 वर्ष सेमरा माता, जयदीप पुत्र परषोतम लोधी 9 वर्ष, अमित पुत्र राकेश मालवीय 12 वर्ष सेमरा, ईश्तमुरार हसिका पुत्री भागीरथ 5 वर्ष सेमरा माता, समीरा पुत्री जावेद 6 वर्ष बासादेही शामिल हैं। चौकी प्रभारी जेपी मालवीय ने बताया की घटना स्थल हैदरगढ़ क्षेत्र का है। इस कारण त्योंदा थाने से जीरो पर कायमी कर हैदरगढ़ थाने में भेजा है।

## साइबर ठगी: लटेरी के 2 युवक धराए

**लटेरी।** गुरुग्राम की साइबर पुलिस ने लटेरी में साइबर ठगी के एक मामले में कार्रवाई की है। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के अनुसार गुरुग्राम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले की जांच में लटेरी का कनेक्शन सामने आया। लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे ने बताया कि 30 अगस्त को गुरुग्राम में हुई ऑनलाइन ठगी में 2 लाख रुपए की राशि लटेरी निवासी अमजद के खाते में ट्रांसफर की गई थी। जांच में पता चला कि ठगी किसी अन्य व्यक्ति ने की, जिसमें अमजद के खाते का इस्तेमाल किया गया। आशुतोष नाम के व्यक्ति ने बैंक से यह राशि निकालकर खर्च कर दी। पुलिस के अनुसार इन दोनों के खाते का इस्तेमाल पहली बार हुआ है। पुलिस ने दोनों युवकों को नोटिस जारी किया है और राशि की रिकवरी के प्रयास किए जा रहे हैं।






## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव-3600
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2501
उच्चतम भाव-2771
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-2519
चना
न्यूनतम भाव-4460
उच्चतम भाव-5925
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7010
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3110
उच्चतम भाव-3430
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-4670
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6800
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6070
धान
न्यूनतम भाव-1780
उच्चतम भाव-2560
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5090
धनिया
न्यूनतम भाव-5170
उच्चतम भाव-5170

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 5815 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### नगर में दूसरे दिन भी हुई अच्छी बारिश

गंजबासौदा। सोमवार को दूसरे दिन भी नगर में दोपहर बाद कुछ देर अच्छी बारिश हुई। जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं एवं मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि रविवार को दोपहर बाद नगर में अचानक से झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो लगभग 2 घण्टों तक रह रहकर चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें पानी से भर गईं। वहीं नदी, नालों सहित पारासरी नदी का जल स्तर बढ़ गया था। नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। हांलाकि अभी तक हुई बारिश फसलों के लिए राहतकारी रही है। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। उधर इलाके किसान ईश्वर से इलाके भर में अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं। जिससे रबी फसलों के समय पलेवा और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके।

### घटना के बाद चालक हुआ फरार, ग्रामीणों ने बच्चों को पहुंचाया अस्पताल

# स्कूल वैन पलटी, 6 बच्चे हुए घायल एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर से करीब 50 किमी दूर कस्बा बागरोद के पास एक स्कूल वैन के पलट जाने से उसमें सवार बच्चे घायल हो गए। जिन्हें त्योंदा अस्पताल में उपचार दिया गया। बाद में सभी बच्चों को सरकारी वाहन से उनके घरों तक पहुंचाया गया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे। पूरी घटना की जानकारी और घायल बच्चों एवं ग्रामीणों से चर्चा के बाद एसडीएम ने इस घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कस्बा बागरोद में निजी विद्यालय सुप्रीम कांवेंट स्कूल में आसपास के कई गांवों के बच्चे पढने आते हैं। सोमवार की दोपहर में स्कूल की छुट्टी के बाद गांवों के बच्चे स्कूल वैन क्रमांक एमपी 20 जीपी 0157 से वापस लौट रहे थे। इस वैन में ग्राम बांसादेही, सेमरा टप्पा, दैयरपुर, सोनपुर के बच्चे सवार थे। जब वैन बागरोद से सेमरा इस्तमुरार के पास पहुंची, तभी वैन चालक सोनू लोधी निवासी सोनपुर की लापरवाही से वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद वैन चालक मौके से भाग निकला। बाद में कुछ बच्चे स्वयं वैन से निकल आए और कुछ को आसपास के ग्रामीणों ने बाहर निकाला। जिन्हें हाईवे एंबुलेंस से त्योंदा अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि वैन में करीब 20 बच्चे सवार थे, जिनमें से लगभग सभी को चोटें आई हैं। सामान्य घायलों ने कस्बा बागरोद में ही उपचार करवा लिया, जबकि माता सेमरा निवासी हंसिका लोधी, गुंजन लोधी, जयदीप लोधी, बांसादेही के अरहान खान, समीरा, सेमरा इस्तमुरार के अमित मालवीय का त्योंदा अस्पताल में उपचार किया गया। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक नशे में था और संभवतः इसी कारण दुर्घटना हुई है। उधर इस घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम संतोष बिटोलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी त्योंदा पहुंचे और घटना की जानकारी ली। साथ ही घायल बच्चों एवं उनके अभिभावकों और ग्रामीणों से भी जानकारी ली गई। इस मामले में एसडीएम संतोष बिटोलिया ने पूरी घटना की जांच के निर्देश देते हुए भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों इसके लिए अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उधर त्योंदा थाना प्रभारी बबीता चौधरी ने वैन चालक सोनू लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और घटना स्थल हैदरगढ थानांतर्गत होने से प्रकरण को आगामी कार्रवाई के लिए हैदरगढ पुलिस को सौंप दिया गया है।

## तीन दिवसीय महोत्सव में मायके आई ज्येष्ठा और कनिष्ठा गौरी



गंजबासौदा। गणेश उत्सव के दौरान महाराष्ट्रीयन समाज में भी कनिष्क गौरी की स्थापना तीन दिन के लिए की जाती है। महाराष्ट्रीयन समाज के सुनील पिंगले ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान 3 दिन के लिए ज्येष्ठा और कनिष्ठा गौरी मायके आई है जहां लक्ष्मी के रूप में उनकी पूजन अर्चन की जाती है। पहले दिन महाराष्ट्रीयन समाज के लोगों ने आह्वान कर विधिवत पूजन किया। पारंपरिक रूप से माता को नववारी साड़ी, बाजू बंध, कंठी हार पहनाई। इसके बाद भगवान गणेश एंव माता गौरी को का पूजन कर माता ज्येष्ठा व कनिष्ठा गौरी से आशीर्वाद मांगा। महिलाओं ने रात में पारंपरिक खेल फुगड़ी व मंगल गीत गाकर उत्सव मनाया। पहले दिन माता को दाल-भात व भाजी का भोग लगाया दूसरे दिन समाज में घर-घर में बैठी गौरी माता को पूजा के बाद पूरन पोली व छप्पन भोग लगाया गया। महिलाएं छप्पन भोग में माता गौरी को 16 प्रकार की भाजियों का भोग अर्पित करती हैं। साधू मराठा ने बताया कि आरती के दौरान भगवान गणेश की पूजा के बाद पहली देवी भगवान शंकर की पत्नी माता गौरी, दूसरी देवी पदमावती, तीसरी देवी सची, चौथी देवी मेधा, पांचवीं देवी सावित्री, छठवीं देवी विजया, सातवीं देवी जया, आठवीं देवी देवसेना, नौवीं देवी स्वधा, दसवीं देवी स्वाहा, ग्यारहवीं देवी दुर्गा, बारहवीं देवी लोकमाता, तेरहवीं देवी धृति, चौदहवीं देवी पुष्टि, पंद्रहवीं देवी तुष्टि और सोलहवीं देवी कुल माता का पूजन किया।

## उमंग के साथ मनाया गया राधा अष्टमी का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राधा अष्टमी का त्योहार जन्माष्टमी के ठीक एक पखवाड़े के बाद मनाया जाता है। रविवार को राधा अष्टमी के अवसर पर शहर के कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन की गई। दोपहर 12 बजे राधाजी की प्रतिमा को पालने में विराजित कर उनका जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के मुरली मनोहर मंदिर में राधा अष्टमी पर आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी वल्लभ भार्गव ने बताया कि प्रातः काल राधाजी का पंचामृत अभिषेक कराया गया, इसके बाद पालना दर्शन हुआ। महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। ब्रज के रावल गांव में राधा जी का जन्म हुआ था, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधाष्टमी व्रत रखा जाता है। पुराणों में राधा और रुक्मणी को एक ही माना जाता है। जो लोग राधा अष्टमी के दिन राधा जी की उपासना करते हैं, उनका घर धन संपदा से सदा भरा रहता है। पुराणों के अनुसार राधा अष्टमी स्कंद पुराण के अनुसार राधा श्रीकृष्ण की आत्मा हैं।

### बिजली गिरने से धमाके के साथ फटी डीपी

गंजबासौदा। रविवार को शाम के समय तेज गरज के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सावरकर चौक क्षेत्र में लगे बिजली का ट्रांसफार्मर धमाके के साथ फट गया। जिसमें लगभग 200 लीटर ऑइल सड़क पर फैल गया। जिसके बाद क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। यह तो अच्छा हुआ कि जिस समय यह घटना हुई उस समय ट्रांसफार्मर के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। नहीं तो किसी बड़े हादसे से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। सड़क पर फैले ट्रांसफार्मर के ऑइल को लोग बाल्टियों में भरकर ले गए। लगभग 5 घंटे क्षेत्र की बिजली बंद रही। बिजली कंपनी के जेई पवन कोरी ने बताया की आकाशीय बिजली गिरने से डीपी में फाल्ट आ गया था। हाइड्रा की मदद से दूसरी डीपी बदली जा रही है।

### निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित



गंजबासौदा। नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय भगवानदास बलेचा स्वर्गीय कमला देवी बलेचा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र दीपक कुमार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को सुबह 10 बजे से नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी, रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 117 मरीजों की ओपीडी की। शिविर में 43 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 40 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निःशुल्क दवाइयां दी गई तथा 34 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह, विनीत अरोरा, सतपाल तनवानी, दयाशंकर जायसवाल, राधेश्याम साहू, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राजकुमार मलकानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, हेमंत राय, देवी प्रसाद भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, सुरेश चंद्र जैन, लाल बहादुर ताम्रकार, प्रकाश माहेश्वरी, सुरेश ताम्रकार, प्रदीप खटवानी, जगदीश भावसार, दिलीप खिलवानी, खेमचंद महते, किशोर उधानी, देवी लाल कुशवाह, रामबाबू दुबे, प्रेम नारायण उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के वार्ड क्रमांक 15 कुर्मी कॉलोनी की नालियों की समस्या एवं अधूरे सीसी रोड निर्माण को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नपा सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वार्ड की नालियों के अधूरे निर्माण के कारण नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है और घरों के सामने एकत्रित हो रहा है, जिससे नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23 एवं 24 के नागरिकों द्वारा लंबे समय से माँग की जा रही है कि बूढ़ापुरा वार्ड से न्यू बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौक तक के बायपास मार्ग का सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। सीसी सड़क के अभाव में स्कूली बच्चों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। शीघ्र सीसीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से आवागमन में भारी सुविधा होगी। इस दौरान देवेन्द्र केवट विधानसभा प्रभारी, राजेश तामेश्वरी, अमित कुमार मिश्रा, अभिषेक शिल्पी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम लगधा में श्मशान घाट की समस्या से परेशान ग्रामीण



त्योंदा। तहसील मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर ग्राम लगधा में लगातार दूसरे दिन ग्रामीण अंतिम संस्कार करने के लिए परेशान हुए। एक दिन पहले ग्राम में हुए अंतिम संस्कार को सभी ग्रामीण भूल भी नहीं थे कि जो परेशानी शमशान घाट तक अरथी को ले जाने में हुई, वह 24 घंटे बाद दोबारा ग्रामीणों को देखने में आई। खेतों में भरे पानी में घुटनों के ऊपर तक पानी में अरथी को कंधे पर ले जाने के बाद अंतिम संस्कार हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शमशान घाट तक जाने के लिए कहीं से भी सरकारी भूमि नहीं है और जहां पर सरकारी भूमि है, वहां पर सरपंच और सचिव नए श्मशान घाट का निर्माण करना चाहते हैं, पर पूर्व कई सालों से वहां पर कई लोगों के कब्जे हैं। इसमें शमशान घाट बनाने के लिए जगह है, पर शमशान घाट का काम लगता है, तो वहां पर बड़े विवाद की आशंका जताई जा रही है। ग्राम पंचायत सचिव शेरसिंह कुशवाहा ने बताया कि सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर आपसी सहमति बनाकर कैसे भी हम सभी लोग मिलकर शमशान घाट का काम कहीं भी जगह देखकर लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। सरपंच का प्रयास है कि जल्द से जल्द शमशान घाट का निर्माण हो जाए, जिससे ग्रामीणों को परेशानी न हो। सचिव ने आश्वासन दिया है कि वह इस समस्या का समाधान निकालने के लिए पूरी कोशिश करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्र में भी है गणेशोत्सव की धूम



गंजबासौदा। गणेशोत्सव की धूम नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बनी हुई है। गांव गांव नवयुवकों और बच्चों ने भगवान गणेश की आकर्षक और मनोहारी झांकियां सजाई हैं। जिनमें प्रतिदिन सुबह शाम आरती के अलावा अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। जिनमें गांव के बच्चे, महिलाएं और नवयुवक खूब उत्साह से भाग ले रहे हैं। इसी तरह ग्राम स्यारी में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मोनू लोधी, गोलू रघुवंशी, प्रहलाद सिंह, नितेश रघुवंशी, हेमंत लोधी, तनुष सेन, देवेन्द्र चंदेल, जगदीश सेन, लखन सिंह, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार, शिवम, प्रदीप, राहुल लोधी आदि ने गणपति बप्पा की मनोहारी झांकी सजाई है।

### विधायक सहित अन्य अतिथियों ने किया पौधरोपण

# गुर्जर समाज धर्मशाला में मना राधा जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुर्जर समाज धर्मशाला में राधाजी का प्रगट उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति वंदन कार्यक्रम के साथ हुई जिसमें नीम के पौधे का रोपण मंत्रउच्चार एवं विधि विधान के साथ किया गया और उसकी सुरक्षा का संकल्प गुर्जर युवाओं ने लिया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद में अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुर्जर समाज के अध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर द्वारा की गई। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने गुर्जर धर्मशाला की स्थिति का जायजा लिया और हर संभव मदद के लिए तत्पर रहने की बात कही। विधायक द्वारा लगवाए गए ट्यूबल में पानी की पर्याप्त मात्रा पर भी उन्होंने काफी प्रसन्नता व्यक्त की। मनोज यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई जिस तरह से जारी है उसकी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने पेड़ों की सुरक्षा को बहुत ही आवश्यक बतलाया। पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे रुपेश लाड़ ने कहा कि नीम 80% आक्सीजन प्रदान करता है और पीपल 100 प्रतिशत आक्सीजन प्रदान करता है।

हम राधाजी के जन्मदिवस पर नीम और पीपल के पौधे का रोपण करके लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। जनपद पंचायत में अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि हम सभी को निराश्रित बेसहारा गौवंशों की भी चिंता करना होगी, तभी यह समस्या हल होगी। अतिथियों का स्वागत मलखान सिंह गुर्जर समिति अध्यक्ष व गोविन्दसिंह गुर्जर द्वारा किया गया। पूजन का कार्यक्रम शिव मंदिर के पुजारी राहुल शर्मा द्वारा करवाया गया। राधा सत्संग मंडल की सदस्य सावित्री चौरसिया ने कहा कि राजा बृजभान की दुलारी किशोरी जी का अवतरण दिवस है, उन्होंने विस्तार पूर्वक राधा महिमा का वर्णन सभी उपस्थित लोगों को बताया। राधा जन्मोत्सव समिति के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि देश के कोने कोने में किशोरी का जन्म उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम में अजय सिंह गुर्जर, मनोज यादव, माधवसिंह यादव, महेश यादव, संजू यादव, रणधीर सिंह कंजना, कामता प्रसाद वेलई, नेतराम गुर्जर, शिशुपाल गुर्जर, सरवन गुर्जर, गोविंद सिंह गुर्जर, राजीव गुर्जर बर्री, ओमकार सिंह किरवाया, राजवीर गुर्जर, बलवीर सिंह गुर्जर, सुनील गुर्जर, पिंकेश गुर्जर किरवाया, सौरव गुर्जर, रवि गुर्जर, रणवीर, झलकन सहित कई राधा जन्मोत्सव समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# विहिप बजरंग दल ने की लंपी वायरस नियंत्रण के लिए गोवंश के टीकाकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

क्षेत्र में इन दिनों गोवंश में लंपी वायरस तेजी से फैल रहा है। जिसके चलते गोवंश बीमारियों का शिकार हो रहा है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल गोरक्षा विभाग ने पशु चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन देकर लंपी वायरस के फैलाव को रोकने के लिए जल्द से जल्द टीकाकरण शुरू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि लंपी वायरस गोवंश में तेजी से फैल रहा है, जो उनके लिए गंभीर खतरा बन सकता है। समूह ने पशु चिकित्सा प्रभारी से आग्रह किया कि गोवंशों का टीकाकरण जल्द से जल्द किया जाए और गोशालाओं का निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही लंपी वायरस के लक्षण वाले गोवंशों की पहचान कर उनका उपचार भी सुनिश्चित किया जाए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कहा कि पिछले वर्ष लंपी वायरस से गोवंश को बहुत नुकसान हुआ था और इस वर्ष समय रहते टीकाकरण की आवश्यकता है। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के लिए पशु चिकित्सा प्रभारी से जल्द से जल्द निर्देश देने की अपील की गई है। इस अभियान के तहत गोशालाओं में निरीक्षण और टीकाकरण की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी दिया गया है ताकि पशुपालकों को लंपी वायरस के प्रति जागरूक किया जा सके और गोवंश की सुरक्षा की जा सके। ज्ञापन देने वालों में बजरंग दल के नीलेश अग्रवाल सहित बजरंग दल कार्यकर्ता और गो सेवक साथ थे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेदी पत्नि श्री रज्जन लाल त्रिवेदी निवासी विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र का एक मकान वार्ड क्रमांक 09 छत्रपति शिवाजी वार्ड तोपपुरा वैत्रवती पथ विदिशा नगर पालिका परिषद विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र. मे होकर 1794 वर्गफीट का है, जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में -रास्ता, पश्चिम में- रास्ता तोपपुरा से बजरिया, उत्तर में- श्री दुर्गाप्रसाद शर्मा का मकान तथा दक्षिण में- पोस्टमेन साहब का मकान है। उक्त मकान श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेदी के पति श्री रज्जन लाल त्रिवेदी पुत्र श्री आनन्द दत्त त्रिवेदी ने रजिस्टर्ड हकत्याग क्रमांक अ.1, दस्तावेज क्रमांक 12 दिनाँक 04.04.2002 को हकत्यागकर्ता श्री सत्यनारायण त्रिवेदी, श्री नरेश त्रिवेदी, श्री प्रकाश त्रिवेदी पुत्रगण श्री आनन्द दत्त त्रिवेदी से अपने हक में प्राप्त किया था। श्री रज्जन लाल त्रिवेदी के निधन के पश्चात उक्त मकान का विधिवत नामांतरण उनकी विधिक वारिस पत्नि श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेर्दी का नगर पालिका परिषद विदिशा में हुआ है। उक्त संपत्ति श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेदी के स्वत्त्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की है। उक्त मकान को श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेदी पत्नि श्री रज्जन लाल त्रिवेदी निवासी विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र मेरी पक्षकार कंपनी पिरामल फायनेंस लिमिटेड शाखा गंज विदिशा से ऋण प्राप्त कर बंधक रख रही है। यदि उक्त भूखण्ड / मकान से संबंधित किसी भी हितधारी व्यक्ति या बैंक अथवा वित्तीय संस्थान नगर पालिका परिषद, नजूल आदी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे सात दिवस की अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। और मेरी पक्षकार कंपनी श्रीमति विनोद उर्फ विमलेश त्रिवेदी को ऋण प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

भवदीय नरेन्द्र बघेल पेनल एडवोकेट
शॉप नं. 3 भावसार पुलिया बरेठ रोड गंज बासौदा
जिला विदिशा म. प्र. मो. नं. 9926383737

## खबर संक्षेप



### गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन

**सिरोंज।** गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम मुगलसराय में प्रतिदिन अनेको ग्रामो की भजन मण्डलियो द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जा रहा है। ग्राम में सजी गणेश जी की झांकी में होने वाले आरती में बडी संख्या में ग्रामीण सम्मलित होकर धर्म लाभ ले रहें है। इय अवसर पर रविवार रात्रि गणेश जी की झांकी में भजन संध्या का आयोजन किया गया और भजन गायको ने सुंदर भजनो की प्रस्तुति दी। तो वही भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने भजन गायको का शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

### सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह

**सागर।** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री विजय दुबे एवं सफाई संरक्षक विजय महरोलिया के सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक माधव प्रसाद कटारे एवं धमेंद्र बंटू बोहरे, नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक एवं सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम, नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी जीवन भर नगर निगम की सेवा करने के बाद जब सेवानिवृत्त होता है तब ही उसे उसके सभी स्वत्वों का भुगतान होना चाहिए जिससे वह कर्मचारी अपने परिवार एवं बच्चों के सभी आवश्यक कार्य कर सके मगर बहुत ही खेद का विषय है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसकी जीवन भर की जमा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### रिमझिम बारिश के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

# श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन

***जिस क्षेत्र में भागवत कथा का आयोजन होता है उस क्षेत्र के लोग धन्य हो जाते है: पं राम चरण शास्त्री***

**समापन के अवसर पर रात्रि में ग्रामीणों ने उठाया लोकगीत, लोकनृत्य व भजनों का आनंद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज तहसील के अंतर्गत ग्राम बेंधीगढ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के समापन के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम में लगभग 8 वर्षो से ग्रामीणो द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। तो वही कथा के समापन अवसर पर रात्रि में लोकनृत्य,लोकगीत आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें सिरोंज तहसील के लगभग 40 ग्रामो से कुशवाह समाज के नागरिक अपनी अपनी भजन मण्डियों के साथ शामिल होते है पूरे रात लोकनृत्य,लोकगीत व भजन कीर्तन का आयोजन चलता है। यह कार्यक्रम ग्रामीणो द्वारा पिछले 8 वर्षो से किया जा रहा है। जिसमें सर्वसमाज के नागरिक ग्राम में चौपाल लगाकर लोकगीत,लोकनृत्य व भजन कीर्तन का आनंद उठाते है।

#### समापन के अवसर पर ग्रामीणों ने की ग्राम की खुशहाली की कामना

श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के समापन के अवसर पर समस्त ग्रामीणो के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भागवत कथा सप्ताह के समापन मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पुण्य कमाया। इस मौके पर ग्रामीणो ने ग्राम की खुशहाली की कामना की। तो वही कथा वाचक पं राम चरण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों से निहाल किया और कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में सात दिन तक ऐसे कथा सप्ताह होते हैं, उस क्षेत्र के लोग धन्य हो जाते हैं और भगवान की कृपा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे इंसान के पापों का नाश होता है। इस मौके पर कथा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणो द्वारा बेहतर प्रबंध किए। वही उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वह प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलें और हमेशा उनके दिखाए मार्ग का पालन करें।

#### रिमझिम बारिश के बीच हुए आयोजन

ग्राम बेंधीगढ में कुशवाह समाज द्वारा विगत 8 वर्षो से श्रीमद भागवत कथा, लोकनृत्य, लोकगीत आदि कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। लेकिन उक्त ग्राम में आयोजन स्थल पर किसा प्रकार का कोई भवन न होने के कारण इस वर्ष समाजजनों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। रविवार को दिनभर हुई रिमझिम बारिश के बीच हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की तो वही रात्रि के समय भी बारिश का दौर जारी होने से समाजजनो को अन्य कार्यक्रम भी बारिश में भीगते हुए करने पडें। ग्रामीणो की माने तो विगत कई वर्षो से ग्राम में शासकीय भवन निर्माण के लिए कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि,अधिकारियो से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन न तो कोई जनप्रतिनिधि हमारे ग्राम में आते और न ही कोई अधिकारी इस ग्राम की सुध लेते।

#### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

कथा के समापन पर ग्रामीणो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही दर्जनों की संख्या में महिलाएं-पुरुष पूड़ी,सब्जी,बूंदी,चावल व कढ़ी बनाने में जुट गए। वही दोपहर से भंडारा का शुभारंभ हुआ। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने को पहुंचे। जिसके चलते देर रात तक भंडारा चलता रहा और हजारो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### कथावाचक का किया सम्मान

इस अवसर पर ग्राम पंचायत संरपच वीरेन्द्र यादव, सह सचिव छोटे लाल कुशवाह, देवपुर समिति के अध्यक्ष धनश्याम कुशवाह, उपाध्यक्ष मुन्ना लाल कुशवाह,दे वपुर समिति के कोषाध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच अमोल सिंह कुशवाह, ग्राम पंचायत हमीरपुर सरपंच गोरेलाल कुशवाह, प्रांतीय कुशवाह समाज के संरक्षक कमलेश कुशवाह, अशोक कुशवाह आदि ने कथा वाचक पं राम चरण शास्त्री जी महाराज का फूलमाला पहनाकर शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।



## ग्वालियर की खिलाड़ी को हराकर सिरोंज के खिलाड़ियो ने प्राप्त किए स्वर्ण व कास्य पदक




**सिरोंज।** ग्वालियर ताइक्वांडो संघ द्वारा नवी कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 आयोजन किया गया। जिसमें जिला ताइक्वांडो संघ विदिशा की टीम में शामिल आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के आठ खिलाड़ियों ने सहभागिता की और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक स्वर्ण और पांच कांस्य पदक प्राप्त किये। यह प्रतियोगिता कैडेट वर्ग की थी जो की 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए होती है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनित्व करेंगे। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में हिमांशी प्रजापति वजन वर्ग अंडर 51 किलोग्राम में फाइनल में ग्वालियर की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। तो वही कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में हर्षित बैरागी, दिव्यांश पाल,लक्ष्य धाकड़, अश्मित नगीना और अवनी दुबे शामिल है। इस प्रकार इस प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक और पांच कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में कोच के रूप में सरदार सिंह कुशवाह और टीम मैनेजर निधि साहू ने कार्य किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का शहर लौटने पर शहरवासियों ने उनका अभिनंदन कर उन सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही आगे भी इसी प्रकार का प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## संलेखना समाधि महोत्सव अंतिम यात्रा



**सिरोंज।** नगर के मोहन लाल नगर बालों की संलेखना समाधि पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 योग सागर जी पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 सुधा सागर जी पूज्य मुनि श्री 108 दुर्लभ सागर जी पूज्य मुनि श्री 108 नगर गौरव निर्णय सागर जी के आशीर्वाद एवं पूज्य मुनि सरल सागर जी के सानिध्य में उत्कृष्ट चार्य के साथ पार्श्वदय तीर्थ क्षेत्र भोरासा तहसील में 10 प्रतिमा के साथ समाधि संलेखना संपन्न हुई। मोहल लाल नगर वालो की उम्र लगभग 105 साल थी। तो वही उनका नाम ब्रा जिना नन्द सागर जी रखा गया था। पूज्य मुनि श्री 108 सरल सागर जी के सानिध्य में एवं ब्रा सविता दीदी पिपरई ब्रा माया दीदी ब्रा पिकी दीदी ब्रा आराधना दीदी गुना ब्रा जीतू भैया गुना नेहा दीदी दिशा दीदी के मार्ग दर्शन में उत्कृष्ट चार्य के साथ समाधि संलेखना संपन्न हुई। तो वही अंतिम समाधि संलेखना डोला यात्रा हाजीपुर जैन मंदिर से दोपहर 2:30 पर चालू हुई जो मुख्य मार्गो से होती हुई ढाल बाजार से नसिया जी शांति स्थल पहुंची। इस यात्रा में महिला पुरुष बच्चे सभी शामिल हुए।

## परंपरा व संस्कृति से जोड़ने का काम कर रहा ओलम्पस हाई स्कूल: नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा

### ओलम्पस हाई स्कूल में गणपति उत्सव पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



ओलम्पस हाई विद्यालय में गणेशोत्सव के पांचवें दिन महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा शामिल हुईं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लंबोदर तू और मेरे भगवान आए हैं गीत की प्रस्तुति दी।

बप्पा मोरिया और हे विघ्नहर्ता गीत पर बच्चों द्वारा अदभुत नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में गणपति आरती व बप्पा मोरिया के जयकारों से संपूर्ण पंडाल धर्मलाभ से जाग्रत हो उठा। अपने उद्बोधन में प्रीति राकेश शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और संस्कृति के मेल को सर्वोपरि बताते हुए विद्यालय परिवार की प्रशंसा भी की. अतिथियों द्वारा अभिभावकों ने जो थाली डेकोरेशन और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया था उसके विजेता अभिभावकों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में संस्थापक यशपाल सिंह, स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्य प्रियंका सिंह, के एन शर्मा, धर्मनारायण चतुर्वेदी, अभिभावक, बच्चे व स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहा।

## धूमधाम से मनाया राधारानी का जन्मोत्सव, निकाली शोभायात्रा

**शमशाबाद।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा राधाअष्टमी के पावन अवसर पर राधारानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर गुर्जर विकास समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो रामदेव बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई राधा कृष्ण मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं सहित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। चल समारोह में धर्मध्वजा लेकर घोड़े पर सवार युवक चल रहे थे। डीजे, ढोल ढमाकों की थाप पर राधारानी के जयकारों के साथ युवा थिरकते नजर आए। नगर पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी द्वारा सभी राधा रानी की आरती उतारकर सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। राधा कृष्ण मंदिर पर शोभा यात्रा पहुंचकर राधा-कृष्ण का पूजन-अर्चन कर प्रसादी का वितरण कि या गया।

### चौराहे पर चर्चा: लोगों ने खुले मंच पर खुलकर निकाली मन की भड़ास, कहा-

# शहर की बदतर हालात के लिए सांसद जिम्मेदार विधायक की हठधर्मिता के कारण नहीं बनीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार शाम 6 बजे से बड़ा बाजार चौराहे पर विदिशा विचार मंच के बैनर पर शहर के बदतर हालातों पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर चौराहे पर चर्चा आयोजित की गई।

इस चर्चा के आयोजक मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के बदतर हालातो की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ यहां के सांसद और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की है। वह 1991 से 2005 तक 5 बार सांसद, 2005 से 2023 तक 17 साल मुख्यमंत्री और आज वर्तमान में छठी वार विदिशा के सांसद हैं फिर भी विदिशा के नागरिकों को बदहाली का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में शहर में भाजपा के जनप्रतिनिधियों में जो खींचतान है उसे भी शिवराज सिंह चाहे तो खत्म कर सकते हैं। जिस कारण से विदिशा के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कांग्रेस नेता करतार सिंह ने कहा कि, विदिशा में विकास शहर के बाहर ढोल खेड़ी में हुआ है। शहर की दुर्दशा के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है। कांग्रेस नेता सुजीत देवलिया ने कहा कि भाजपा ने विदिशा को बनाया नहीं मिटाया है। सड़कों के गड्ढों में बोर्ड लगाना चाहिए. कहां कितना बड़ा गढ्ढा है।



**विदिशा।** चौराहे पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कह कि जनप्रतिनिधियों में इच्छा शक्ति की कमी है। सीएल गोयल ने कहा कि शहर में केवल ईदगाह से कलेक्टर निवास तक अच्छी सड़क है बाकी शहर गढ्डों में बदल गया है। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा विदिशा में विकास कार्यों के रुकने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। परिचर्चा को गोवर्धन साहू, राजेंद्र शर्मा अकाई, कमलेश सेन, सुभाष बोहत, प्रदीप गुप्ता, दिनेश विश्वकर्मा, रमेश रैकवार, इस्माइल शाह, तौफीक अली, मनीष गौतम, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, उमेश कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार शर्मा संदीप अमावते ने संबोधित किया।

#### विधायक की हठधर्मिता के कारण नहीं बनीं सड़कें



चौराहे पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट विमल तरण ने कहा कि विधायक की हठधर्मिता के कारण शहर में सड़कें नहीं बन पा रही है, विधायक सीसी की सड़कें बनवाना चाहते हैं। जबकि व्यापारी इसके खिलाफ हैं क्योंकि इससे दुकानों में पानी भरेगा।

#### बर्चस्व की लड़ाई में पिस रही शहर की जनता



परिचर्चा का संचालन करते हुए नपा में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक के बीच बर्चस्व की लड़ाई है। जिसका खामियाजा विदिशा की जनता, पार्षद, नगरपालिका के कर्मचारी और उठा रहे हैं और विकास कार्य ठप है।

#### 105 कामों का ज्ञापन दिया था



चर्चा के दौरान सनातन हिंदू से समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी ने कहा कि विधायक द्वारा 1700 करोड़ के विकास कार्यों का दावा किया जाता है तो फिर मोहन यादव मुख्यमंत्री के विदिशा आने पर 105 कामों की मांग का ज्ञापन क्यों दिया।

## स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में 69वीं संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

69वीं संभागीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ सोमवार को स्थानीय स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में हुआ।

यह आयोजन खिलाड़ियों में खेल भावना और उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से किया गया है, जिसमें संभाग भर से आए प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में जिला शिक्षाधिकारी एसपी जाटव, विद्यालय की डायरेक्टर मीनल राणा, प्राचार्य विनय अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, ब्लाक खेल अधिकारी अम्बेश सोनी, प्रशांत रघुवंशी, वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विभिन्न विद्यालयों से आए कोच और बड़ी संख्या में खिलाड़ी भी मौजूद थे।



विद्यालय के प्राचार्य विनय अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि मीनल राणा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल को इस महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी करने का अवसर मिला है। मैं सभी खिलाड़ियों से खेल भावना का पालन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आग्रह करती हूं। हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है, खेल में भागीदारी और उससे मिलने वाले अनुभव। उद्घाटन मैच से पहले, सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस करके पहले मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता है, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का आज समापन होगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**विदिशा।** आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर तीस प्रतिशत छूट ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत छूट ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट, यह छूट केवल उन प्रकरणों में लागू होगी जिनमें विद्युत चोरीध्अनाधिकृत उपयोग पहली बार किया गया हो। यह छूट 10 लाख रुपए तक की आकलित सिविल दायित्व राशि वाले प्रकरणों तक सीमित रहेगी।

### पत्रकारों की सुरक्षा पर उठे सवाल, सौंपा ज्ञापन

**लटेरी।** सोमवार को कुरावर में हुई घटना के विरोध में पत्रकारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुरावर में जर्नलिस्ट ऑफ यूनियन मध्यप्रदेश के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मेवाड़ा हुए हमले के विरोध जताया। वहीं मप्र में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई गई हैं। पत्रकार संघ ने राष्ट्रपति को तहसीलदार जगनप्रसाद सौर को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी पैक्स) धतूरिया, शाखा - गुलाबगंज**

पंजीयन कमांक-520/25.02.95 दिनांक 23.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों का सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 08.09.2025 दिन सोमवार को दोपहर 12.30 बजे समिति गोदाम भवन धतूरिया में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

समिति प्रबंधक
जसवंत सिंह मीणा

समिति प्रशासक
श्री किशोर कुमार अहरवाल

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने निकाली नगर में न्याय रैली, सौंपा ज्ञापन



**बरेली।** कचरा वाहन में मिली नवजात बच्ची की घटना को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश बना हुआ है। सोमवार को घटना स्थल और नवजात के जैविक माँ, पिता के काछी छीपा मोहल्ला वार्ड 13-14 से महिलाओं द्वारा हाथों में तख्ती और महिला अत्याचार के विरूद्ध दोषियों पर कठोर प्रभावी कार्यवाही की मांग करते हुए न्याय रैली निकाली। एसडीएम कार्यालय पहुंच कर महिलाओं द्वारा एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपा गया। मानवता और नगर को शर्मसार कर देने वाली घटना को लेकर नगर ही नहीं संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में व्यापक चर्चा रही। पति से अलग होकर महिला ने प्रेम प्रसंग, अवैध शारीरिक संबंध बनाकर नो महीनों तक गर्भधारण कर बच्ची को जन्म देने के बाद उसे कचरा गाड़ी में फेंकने का बढ़ा अन्याय और क्रुरतापूर्ण कार्य किया है।

### मढ़ईपुरा में भजन संध्या व भक्तमाल चरित्र आज

**रायसेन।** हर हर महादेव श्री गणेशोत्सव समिति मढ़ईपुरा वार्ड क्रमांक 3 की झांकी परिसर में आज मंगलवार को सुप्रसिद्ध कथा वाचक संतश्री सीताशरण ठाकुर के श्रीमुख से कथा का वाचन किया जाएगा। वहीं भक्तमाल चरित्र का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी जनता से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की।

### बरेली में मानस महोत्सव कल होगा आयोजित

**रायसेन।** श्री एकादशी पर्व पर आयोजित सत्संग मानस यात्रा महोत्सव कार्यक्रम सिद्ध हनुमान दादाजी दरबार बरेली में मानस यात्रा महोत्सव का आयोजन 3 सितंबर को किया जाएगा। श्रीरामचरित विधापीठ मानस प्रचार प्रसार के अध्यक्ष जशवंत सिंह रघुवंशी, समिति उदयपुरा के अध्यक्ष चतुर नारायण रघुवंशी, डॉ. देवेंद्र धाकड़ ने बताया कि महोत्सव में राम किंकर भारत भूषण अरुण कुमार के अलावा मानस प्रवक्ता चिंतक दादाजी हनुमान मंदिर में श्रीरामचरित मानस पर व्याख्यान देंगे।

### कलेक्ट्रेट में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन

**रायसेन।** सितंबर के पहले कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, जिपं अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया।

## ग्राम पंचायत गीदगढ़ का मामला, जर्जर श्मशान घाट पर बारिश से बचाव की नहीं है कोई व्यवस्था

# शर्मनाक...बदहाल श्मशान घाट पर तिरपाल के सहारे करना पड़ा शव का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गीदगढ़ अंतिम संस्कार की एक हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग की मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को तिरपाल का सहारा लेना पड़ा। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भयावह हो जाती है।

गीदगढ़ निवासी 60 वर्षीय रामनारायण शर्मा का निधन हो गया था। बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के दौरान आई बारिश होने लगी, जिससे चिता पानी में भीगने लगी, इससे आग जलाने में दिक्कतें आने लगी।

ऐसे में ग्रामीणों ने तिरपाल के सहारे शव का अंतिम संस्कार किया। इस गांव के मुक्तिधाम में बारिश से बचाव का कोई इंतजाम नहीं है एवं टीनशेड भी जर्जर स्थिति में है, जिससे बारिश के मौसम में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

परिजन और ग्रामीण भीगते हुए अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस मार्मिक तस्वीर ने रायसेन में शासन के विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ साल पहले श्मशान घाट की टीनशेड हवा में उड़ गया था, तभी से आज तक ऐसा ही पड़ा हुआ है। कुछ टीनें श्मशान घाट से चोरी हो गई।

दीवानगंज क्षेत्र के आसपास आज भी कई गांवों में मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण बारिश के दौरान ग्रामीणों को तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। गीदगढ़ के लोगों ने इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायतों और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है।

### श्मशान घाट की समस्या ग्रामीणों की जुबानी

श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता तक नहीं है कुछ दिन पहले सरपंच लीलाकिशन अहिरवार द्वारा रास्ते मे मुरम डलवाई गई है। मुक्तिधाम की जमीन पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है।

- शुभम विराट धाकड़, ग्रामीण।

एक साल से श्मशान घाट के ऊपर टीनशेड नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। बारिश के समय में अंतिम संस्कार करना नामुमकिन जैसा हो जाता है, मगर ग्रामीणों को फिर भी अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

- **प्रताप शर्मा**, सुरक्षा सेवा समिति।

श्मशान घाट के ऊपर जो टीन लगी हुई थी वह हवा उड़ गई, कुछ गायब हो गई अब अंतिम संस्कार करने में काफी समस्या आ रही है। कल ही एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार करने में काफी समस्या आई।

- **वृंदावन शर्मा**, ग्रामीण

जो श्मशान घाट बना है वह ना तो नक्शे में है और ना ही कोई खसरा क्रमांक है। पूर्व विधायक गौरीशंकर शेजवार द्वारा श्मशान घाट का निर्माण कराया गया था, जो अब क्षतिग्रस्त हो गया है। कई लोगों ने श्मशान घाट पर अतिक्रमण भी कर रखा है।

- **लीलाकिशन अहिरवार**, सरपंच ग्राम पंचायत गीदगढ़

## पीडब्ल्यूडी ने बनाई थी सड़कें, तीन साल भी नहीं टिक सकी

# शहर में 43 करोड़ खर्च करने के बावजूद गड्ढों में चलने को मजबूर

### जगह-जगह गड्ढों से प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर की सड़कों के निर्माण में पिछले 3 सालों में 43 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। गोपालपुर बायपास जोड़ से लेकर टोल टैक्स बैरियर खरगावली करीब 6 किलोमीटर तक जिंदल सड़क ठेकेदार जिंदल द्वारा 23 करोड़ की लागत से फोरलेन सड़क चौड़ीकरण किया गया था। इसी तरह दरगाह शरीफ रिपटे से लेकर सागर भोपाल तिराहे तक लगभग 4 किमी सड़क और पुलियाओं का ठेका पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 14 करोड़ खर्च किए गए थे। इस सड़क निर्माण का ठेका श्रुति सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर भोपाल के राजेन्द्र गर्ग को दिया था।

सड़क में रखरखाव के अभाव में गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। जमीनी हालात में सड़कों के सुधार की दिशा में कोई खास बदलाव नजर नहीं आया है। शुरुआती बारिश के दौर में ही सड़कों की हालत गडढ़ों में नजर आने लगी थी। सड़कों की मटियामेंट हालात के कारण वाहन चालकों को आवागमन भारी कठिनाई होने लगी थी। प्रारंभिक सर्वे में जिम्मेदार विभाग द्वारा 11 किमी की सड़क पर 50 प्रतिशत सड़क नुकसान होना बताया। जबकि हकीकत है कि शहर की सभी सड़कों की मरम्मत होना जरूरी है।

वर्ष 2023 20 24 में कई निर्माण हुआ लेकिन उनकी भी गुणवत्ता ठीक नहीं थी इसलिए वह भी खराब होने लगी है। आलम यह है कि लगातार बारिश के चलते डामर कई जगह से जगह छोड़ चुका है। सड़कों की वाहनों के पहियों के भारी दबाव के कारण बिखरकर गड्ढ़ों में बदल चुकी है।



#### सड़क बनने के कुछ ही दिनों बाद उखड़ गई

ठेकेदार राजेन्द्र गर्ग द्वारा करीबन चार किमी लंबी सड़क इतनी घटिया बनाई कि कुछ महीनों बाद ही उखड़ने लगी थी। वर्तमान में हालात यह है कि सड़क कम गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। इन पर वाहन गुजारना बड़ा जोखिम भरा होने लगा है। सड़क पर गड्ढ़ों की वजह से आए दिन छोटे-मोटे सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जिससे लोग जिंदगी भर का दर्द झेलने के लिए मजबूर हैं।

#### घटिया पेंचवर्क उखड़ा

भाजपा-कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के रायसेन आगमन पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की गहरी नींद खुली। उन्होंने घटिया पेचवर्क से गड्ढ़ों में मरहम लगाने की खानापूर्ति पेंचवर्क के जरिए पूरी की जो बाद में बिखर गए है। चूरी, गिट्टियां सड़कों पर बिखरी हुई है, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

#### मरम्मत कराएंगे

बारिश थमने के बाद सड़कों की हालत में सुधार किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से बजट की डिमांड की गई है। बजट आते ही सड़कों की मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

- **बीके सूत्रकार**, ईई पीडब्ल्यूडी रायसेन



#### ग्राम कोटरा व परवरिया की ग्रामीण सड़क भी हुई जर्जर

**रायसेन।** पीएम सड़क योजना की सड़कों की हालात इन दिनों बद से बदतर हो गए हैं। बारिश के चलते सड़कें गडढ़ों में तब्दील हो चुकी हैं। ग्रामीण और वाहन चालकों ने जन प्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत की मांग की है। सांची जनपद पंचायत के तहत कोटरा से परवरिया मार्ग की हालत भी खराब हो चुकी है। मरम्मत के अभाव में सड़क गडढ़ों में तब्दील हो गई है, जिसमें जगह-जगह में पानी भरा हुआ है, जिसके चलते वाहन चालकों को सड़क के गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगता। जिसके चलते आए दिन बाइक उनमें गिरकर ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण तलत बेग, राहत बेग, मसरूर खान, राममोहन बघेल, निशाद बेग मिर्जा मसर्रत बेग एडवोकेट ने सड़क मरम्मत की मांग पीएम सड़क योजना के अधिकारियों से की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क की मरम्मत जल्द नहीं की गई तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। सड़क मरम्मत कराने की शिकायत विभाग के अधिकारियों सहित जनपद सीईओ और जिला पंचायत सीईओ से कर चुके हैं ।फिर भी जिम्मेदारों ने अभी तक अनदेखी की है ।सड़क में अनगिनत गड्ढे हो चुके हैं सड़क पर डामर गिट्टियां बिखर गए है।

## मां के बाद पिता भी पुलिस हिरासत में

# नवजात के मामले का पुलिस ने तीन दिनों में किया पटाक्षेप

◆ जैविक पिता ने बच्ची रखने से किया इंकार, कचरे में फेंकने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बीते शुक्रवार को कचरा गाड़ी में मिली नवजात बच्ची के दूसरे दिन ही उसकी माँ का पता पुलिस ने लगा लिया था। वहीं तीसरे दिन नवजात के जैविक पिता को भी गिरफ्तार कर पूछताछ और जांच की जा रही है। नवजात की माँ को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई। 30 वर्षीय महिला से अवैध संबंध बनाने वाले जैविक पिता ने विवाह से इंकार कर दिया और बच्ची को भी अपनाने से मना करने के साथ बच्ची को कचरे में फैंकने को कहा।

कचरे में मिली नवजात बच्ची के मामले में पुलिस द्वारा तीव्रता से जांच की गई। एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता की टीम ने तीन-चार दिनों में ही पूरे मामले का पटाक्षेप कर दिया। दूसरे दिन माँ को पकडा, तीसरे दिन सह आरोपी जैविक पिता 35 वर्षीय हल्के धाकड़ से पूछताछ की गई और डीएनए जांच कराने की तैयारी कर रही है।

### नवजात बच्ची से मां और पिता ने मोड़ा मुंह

नवजात को जन्म देने वाली माँ विगत 6-7 वर्षो से पति से अलग होकर मायके में अपनी 10 वर्ष की बच्ची के साथ रहने और घर-घर कपड़ा धोने का कार्य कर रही थी। नगर के छीपा मोहल्ला में महिला के पड़ोसी हल्के किरार जो कि अविवाहित है, महिला के बीच प्रेम प्रसंग और अवैध संबंधों के परिणाम स्वरूप 9 महीने गर्भ धारण किए रही। जब डिलेवरी हुई तो हल्के धाकड़ ने विवाह करने और बच्ची को अपनाने से इंकार कर दिया। बच्ची की माँ ने भी बच्ची से मुंह मोड़ लिया। भला हो ग्राम गुरारिया की एक महिला का उसने अपना दूध पिलाकर नवजात के पोषण की व्यवस्था की। सिविल अस्पताल में डॉ. हेमंत यादव और उनकी टीम द्वारा नवजात की देखरेख की गई।

## उधार राशन नहीं देने पर कुल्हाड़ी से कर दिया हमला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर


फरियादी दिनेश जाटव पिता तोरण सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी बांसिया अपनी किराने की दुकान पर बैठा था। तभी रात करीब 9 बजे निखिल आदिवासी और शानू राशन का सामान उधार मांगने लगे। दिनेश ने उधार समान देने से मना कर दिया तो निखिल और शानू ने उसे दुकान से बाहर बुलाकर मारपीट करने लगे एवं कुल्हाड़ी से दिनेश के हाथ और शरीर पर हमला कर दिया। जिससे दिनेश को गंभीर चोटें आ गईं। जमना प्रसाद और प्रेम सिंह ने बीच बचाव किया जब कहीं जाकर आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में टीम रवाना की है।



### शोभायात्रा का हिउस ने किया जोरदार स्वागत

**बाड़ी।** शहर में राधाकृष्ण मंच के तत्वावधान में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधारानी के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा को धूमधाम और उत्साह से बालाजी मंदिर बजीरगंज से निकाली गई। वहीं नगर के चिंतामन चौराहे पर हिंदु उत्सव समिति के बैनर तले अध्यक्ष जस्सी अटवाल ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी, जिसमें तीन टीमों ने भाग लिया और जिसमें वार्ड क्रमांक 5 सिंधी कैंप के गोविंदाओं ने मटकी फोड़ कर ईनाम जीता। शोभायात्रा का समापन बाड़ी कलां स्थित राधावल्लभ मंदिर में पूजा अर्चना कर महा प्रसादी वितरण कर हुआ।

# लबालब हुआ बारना बांध, रवि फसलों को मिलेगा भरपूर पानी



### भादौ माह, एक सितंबर को बारना बांध के खुले 4 गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जुलाई माह में जमकर बारिश होने से अनेक बार बारना बांध के गेट खोले गए। अगस्त माह में भले ही कम बारिश हुई, इसके बाद भी बारना बांध के गेट खुले। सितम्बर माह के पहले दिन सोमवार की शाम को बारना बांध के 4 गेट खोलकर 17 हजार क्यूसिक पानी बांध से निकाला जा रहा है। बारना बांध तो अगस्त माह में ही अपनी पूर्ण जल भराव क्षमता 348.52 मीटर के पास पहुंच गया था। एक सितम्बर को बांध का जल स्तर 348.45 मीटर, पूर्ण जल भराव क्षमता से मात्र 10 से.मी. ही कम है।

बारना बांध के जल ग्रहण क्षेत्र गोहरगंज, सुल्तानपुर तहसीलों और जंगल में रविवार और सोमवार को हुई बारिश के असर से बारना बांध का जल स्तर बढ़ने पर गेट खोल कर पानी निकालना शुरू किया गया। बारना बांध के एसडीओ चेतन नगें के अनुसार बांध में जितना पानी आ रहा है। उसे गेट खोल कर निकाला जा रहा है।

इस वर्ष औसत से अधिक बारिश का आंकडा अगस्त माह में हो गया। बारना बांध से सीहोर जिले के बक्तरा क्षेत्र एवं बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों तक नहरों में पानी नहरों के माध्यम से रवि फसलों की सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

## जोरदार बारिश से किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

# लगातार बारिश से धान की फसल में नई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



पिछले दो दिनों से सिलवानी अंचल में हो रही झमाझम बारिश ने क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है। लंबे समय से पानी की कमी और तेज़ धूप के कारण पीली पड़ चुकी धान की फसल में अब नई जान आ गई है। खेतों में पानी भरने से फसल फिर से हरी-भरी होने लगी है, जिससे किसानों खुशी लौट आई है।

धान की खेती करने वाले किसान हाल ही में मौसम की बेरुखी से बेहद चिंतित थे। विशेष रूप से लीफ ब्लास्ट जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया था। कई खेतों में दरारें पड़ने लगी थीं और सिंचाई की सुविधा सीमित थी। ऐसे में समय पर हुई वर्षा किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है।

इस वर्ष सिलवानी क्षेत्र में अब तक औसत से 30 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस बार मानसून अधिक सक्रिय रहा है। लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिले हुए हैंए खासकर उन किसानों के लिए यह राहत भरी खबर हैए जिन्होंने धान की फसल बोई है।

स्थानीय किसान देवराज पटेल, गुडडू पटेल आदि ने बताया हम बेहद परेशान थे, लेकिन अब राहत मिली है। भगवान की मेहरबानी से अब अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे हैं। फिलहाल किसान खेतों में निंदाई. गुड़ाई जैसे जरूरी कार्यों में जुटे हुए हैं। बारिश के कारण खेतों में जमा कचरा आसानी से हटाया जा रहा है, जिससे श्रमिकों का समय भी बच रहा है। हालांकि मजदूरी दरों में वृद्धि से किसानों पर आर्थिक भार बढ़ा है। वर्तमान में मजदूरी 350 से 400 रुपए प्रतिदिन तक पहुंच गई है। एक एकड़ में निंदाई.गुड़ाई का खर्च लगभग 4000 से 5000 हजार तक आ रहा है। इस बीच किसानों को खाद की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से यूरिया की अनुपलब्धता से चिंता बनी हुई है। किसानों ने शासन से मांग की है समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि फसल की उत्पादकता पर असर न पड़े।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बना रहा, तो इस वर्ष धान की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। पर्याप्त नमी के चलते पौधों की बढ़वार अच्छी होगी और कीटों का प्रभाव भी कम रहेगा। इधर ग्रामीण अंचलों में बारिश को लेकर उत्साह का वातावरण है। यह वर्षा न केवल फसलों के लिए संजीवनी बन रही है, बल्कि गिरते भू. जल स्तर को सुधारने में भी मददगार साबित हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में और बारिश की संभावना बनी हुई हैए जिससे तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

# जीतू पटवारी पर हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

### रैली के रूप में पहुंचे तहसील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कर द्वारा रतलाम सत्याग्रह रैली में शामिल होने जा रहे थे तभी तथा कथित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन पर जानलेवा हमला किया गया है। इस हमले के विरोध में रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम मनीष शर्मा को एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी और प्रदेशव्यापी वोट कर गद्दी छोड़ो और सत्याग्रह रैली निकल जा रही है जिसमें सरकारों पर निशाना साधने के लिए जननायक जीतू पटवारी हमलावर है, जिससे भाजपा के बड़े नेता और मंत्री-विधायक बौखला रहे हैं। इस अभियान में सांसद मंत्री विधायकों और केंद्रीय मंत्रियों की पोल खुल रही है, जिससे उन्होंने यह जीतू पटवारी पर साजिश के तहत हमला करवाया है उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज अग्रवाल, प्रभात चावला, डग्गा पहलवान, कामता प्रसाद राजोरिया, मजहर कबीर, हसीब हिंदुस्तानी, सैयद बाबर अली एडवोकेट, टाइगर कुरेशी संजीव आदि शामिल रहे।